Roll No. :

कुल प्रश्नों की संख्या : 18 ]
Total No. of Questions : 18 ]

[ कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 15
[ Total No. of Printed Pages : 15

# H-251200–A

## विषय : विज्ञान

## Subject : Science

समय : 3 घण्टे ]
Time : 3 hours ]

[ पूर्णांक : 75
[ Maximum Marks : 75

**नोट : सभी प्रश्न हल कीजिए।**
***Note* : Attempt all questions.**

***निर्देश*** : (*i*) प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इसमें खण्ड (अ), खण्ड (ब) एवं खण्ड (स) शामिल हैं। प्रत्येक खण्ड में 5 प्रश्न हैं तथा हर प्रश्न पर 1 अंक आवंटित है। दृष्टिबाधित विद्यार्थी प्रश्न के साथ दिए गए निर्देशों का भी पालन करेंगे।

***Instructions*** : Question No. 1 is objective type question. It consists of Section (A), Section (B) and Section (C). Each Section has 5 questions of 1 mark each. Visually impaired students follow the instructions as given with the questions.



https://www.cgboardonline.com

(*ii*) प्रश्न क्रमांक 2 से 6 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आवंटित हैं। (प्रत्येक उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *30* शब्द है)

Question Nos. 2 to 6 are very short answer type questions. Each question carries 2 marks. (Maximum word-limit of each answer is *30* words)

(*iii*) प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आवंटित हैं। (प्रत्येक उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *50* शब्द है)

Question Nos. 7 to 10 are short answer type questions. Each question carries 3 marks. (Maximum word-limit of each answer is *50* words)

(*iv*) प्रश्न क्रमांक 11 से 14 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आवंटित हैं। (प्रत्येक उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *75* शब्द है)

Question Nos. 11 to 14 are short answer type questions. Each question carries 4 marks. (Maximum word-limit of each answer is *75* words)

(*v*) प्रश्न क्रमांक 15 एवं 16 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आवंटित हैं। (प्रत्येक उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *100* शब्द है)

Question Nos. 15 and 16 are long answer type questions. Each question carries 5 marks. (Maximum word-limit of each answer is *100* words)



https://www.cgboardonline.com

(vi) प्रश्न क्रमांक 17 एवं 18 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आवंटित हैं। (प्रत्येक उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *150* शब्द है)

Question Nos. 17 and 18 are long answer type questions. Each question carries 6 marks. (Maximum word-limit of each answer is *150* words)

---

प्रश्न-1 (खण्ड-अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए : [1×5=5]

**(Section-A)** Choose and write the correct option :

(*i*) पालतू कुत्ते की आधुनिकतम नस्ल किस प्रक्रिया के फलस्वरूप बनी है ?

(अ) प्राकृतिक चयन

(ब) कृत्रिम चयन

(स) यौवन चयन

(द) कार्य चयन

Modern breed of domestic dogs is result of :

(*a*) Natural selection

(*b*) Artificial selection

(*c*) Youth selection

(*d*) Job selection



https://www.cgboardonline.com

(ii) ऊर्जा का पिरामिड होता है :

(अ) हमेशा सीधा

(ब) हमेशा उल्टा

(स) उल्टा व सीधा

(द) इनमें से कोई नहीं

The pyramid of energy is :

(a) always straight

(b) always reverse

(c) reverse and straight

(d) None of these

(iii) निम्नलिखित में से प्रबल अम्ल नहीं है :

(अ) $HCl$

(ब) $HNO_3$

(स) $CH_3COOH$

(द) $H_2SO_4$

Not strong acid from the following is :

(a) $HCl$

(b) $HNO_3$

(c) $CH_3COOH$

(d) $H_2SO_4$



https://www.cgboardonline.com

(iv) कैल्सियम सिलिकेट है :

(अ) मिश्रधातु

(ब) गैंग

(स) धातुमल

(द) गालक

Calcium silicate is :

(a) Alloy

(b) Gang

(c) Slag

(d) Flux

(v) यदि वस्तु समतल दर्पण से 3 सेमी. की दूरी पर हो, तो प्रतिबिंब की वस्तु से दूरी होगी :

(अ) 4 सेमी.

(ब) 6 सेमी.

(स) 3 सेमी.

(द) 12 सेमी.

If the distance of an object is 3 cm from the plane mirror, then distance of image from object will be :

(a) 4 cm

(b) 6 cm

(c) 3 cm

(d) 12 cm



https://www.cgboardonline.com

प्रश्न-1 (खण्ड-ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : [1×5=5]

(Section-B) Fill in the blanks :

(i) उष्मा का SI मात्रक —— होता है।

SI unit of heat is ____.

(ii) आधुनिक आवर्त नियम —— ने प्रतिपादित किया।

Modern periodic table is established by ____.

(iii) दानेदार जिंक की तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल से अभिक्रिया द्वारा —— गैस प्राप्त होती है।

By reaction of granular zinc with dilute hydrochloric acid ____ gas is obtained.

(iv) अवतल लेंस से बना प्रतिबिंब सदैव —— होता है।

Image formed by concave lens is always ____.

(v) स्त्रीकेसर का फूला आधारीय भाग —— कहलाता है।

The swollen basal portion of carpel is known as ____.

प्रश्न-1 (खण्ड-स) उचित सम्बन्ध जोड़िए : [1×5=5]

| (क) | (ख) |
|---|---|
| (i) साधारण नमक | (a) गोबर, पानी |
| (ii) प्राकृतिक बहुलक | (b) टेंसले |
| (iii) बायोगैस | (c) सोडियम क्लोराइड |
| (iv) चुम्बकीय क्षेत्र | (d) रेशम |
| (v) पारिस्थितिक तंत्र | (e) वेबर / मीटर$^2$ |



https://www.cgboardonline.com

(Section-C) Match the following :

| (A) | | (B) |
|---|---|---|
| (*i*) Common salt | – | (*a*) Cow-dung, water |
| (*ii*) Natural polymer | – | (*b*) Tansley |
| (*iii*) Biogas | – | (*c*) Sodium chloride |
| (*iv*) Magnetic field | – | (*d*) Silk |
| (*v*) Ecosystem | – | (*e*) Weber/meter$^2$ |

प्रश्न-2 अचार को ताँबे या एल्यूमिनियम के बर्तन में क्यों नहीं रखा जाता ? [2]

Why is pickle not stored in copper or aluminium vessels?

प्रश्न-3 प्लास्टर ऑफ पेरिस के कोई दो उपयोग लिखिए। [2]

Write any two uses of Plaster of Paris.

प्रश्न-4 एक वस्तु का ताप –40 °C है। इसका मान फारेनहाइट पैमाने में ज्ञात कीजिए। [2]

Temperature of a body is –40 °C. Calculate its value in Fahrenheit scale.

प्रश्न-5 पारिस्थितिक तंत्र के संरचनात्मक घटकों के केवल नाम लिखिए। [2]

Write only names of the structural components of an Ecosystem.



https://www.cgboardonline.com

प्रश्न-6 ऐच्छिक क्रिया किसे कहते हैं ? [2]

What is called voluntary action?

प्रश्न-7 नाभिकीय विखण्डन किसे कहते हैं ? इसके कोई दो उपयोग लिखिए। [1+2=3]


What is called nuclear fission? Write its any two uses.


प्रश्न-8 एक अवतल दर्पण की फोकस दूरी 10 सेमी. है। दर्पण से 2 सेमी. की दूरी पर एक वस्तु रखी गई है। प्रतिबिंब की स्थिति ज्ञात कीजिए। [3]

Focal length of a concave mirror is 10 cm. An object is kept at 2 cm from mirror. Calculate position of image.

प्रश्न-9 निम्न विद्युत अवयवों का संकेत-चिन्ह बनाइए : [1+1+1=3]

(*i*) प्रतिरोध 

(*ii*) कुंजी 

(*iii*) संधि तार 

**नोट : दृष्टिबाधित छात्र संकेत के स्थान पर संबंधित पद को परिभाषित करेंगे।**

Draw the symbols of the following electric components :

(*i*) Resistance

(*ii*) Key

(*iii*) Junction wire

***Note :*** **Visually impaired students will define related terms in place of symbols.**



https://www.cgboardonline.com

प्रश्न-10 जीवों के विकास में चयन एवं अनुकूलन की क्या भूमिका है ? समझाइए। [1½+1½=3]

What is the role of selection and adaptation in the evolution of organism? Explain.

प्रश्न-11 निम्नलिखित लवणों को अम्लीय एवं क्षारीय प्रकृति के आधार पर पृथक् कीजिए। इनके रासायनिक नाम भी लिखिए : [1+1+1+1=4]

(*i*) $CuSO_4$

(*ii*) $NaHCO_3$

(*iii*) $NH_4Cl$

(*iv*) $CH_3COONa$

Separate the following salts on the basis of acidic and basic nature. Write their chemical names also :

(*i*) $CuSO_4$

(*ii*) $NaHCO_3$

(*iii*) $NH_4Cl$

(*iv*) $CH_3COONa$



https://www.cgboardonline.com

*अथवा*

*OR*

आधुनिक आवर्त सारणी में समूह में ऊपर से नीचे जाने पर निम्नलिखित गुणों में किस प्रकार का परिवर्तन होता है ?

संयोजकता, परमाणु का आकार, आयनन विभव, विद्युत-ऋणता

On moving from top to bottom in modern periodic table, how do the following properties change?

Valency, atomic size, ionization potential, electronegativity

**प्रश्न-12** बेकिंग सोडा का रासायनिक नाम, सूत्र एवं दो उपयोग लिखिए। [1+1+2=4]

Write the chemical name, formula and two uses of Baking Soda.

*अथवा*

*OR*

एसीटिक अम्ल का IUPAC नाम, सूत्र एवं दो उपयोग लिखिए।

Write the IUPAC name, formula and two uses of Acetic Acid.

**प्रश्न-13** जीवों के विकास के सिद्धांत के चार बिन्दुओं को लिखिए। [1+1+1+1=4]

Write the four points of evolution theory of Organism.



https://www.cgboardonline.com

*अथवा*

*OR*

आनुवंशिकी के जनक कौन हैं? अनुवांशिकता के तीन नियमों को लिखिए। [1+3=4]

Who is the father of Genetics? Write the three laws of Inheritance.

प्रश्न-14 मनुष्य में मूत्र का निर्माण तथा उसका निष्कासन क्यों आवश्यक है? समझाइए। [4]

Why the production and excretion of urine is necessary in human? Explain.

*अथवा*

*OR*

शिरा, धमनी से किस प्रकार अलग है? समझाइए।

What are the differences between Arteries and Veins? Explain.

प्रश्न-15 (*i*) क्रांतिक कोण को परिभाषित कीजिए तथा इसका प्रतीक चिन्ह लिखिए।

(*ii*) दाढ़ी बनाने के लिए अवतल दर्पण का उपयोग किया जाता है, क्यों? [3+2=5]

(*i*) Define critical angle and write its symbol.

(*ii*) Concave mirror is used for shaving, why?



https://www.cgboardonline.com

*अथवा*

***OR***

(*i*) पूर्ण आंतरिक परावर्तन को परिभाषित कीजिए तथा इसकी आवश्यक शर्तें लिखिए।

(*ii*) वाहनों में पश्च दृश्य के लिए उत्तल दर्पण का उपयोग किया जाता है, क्यों ?

(*i*) Define total internal reflection and write its necessary conditions.

(*ii*) Convex mirror is used for rear view in vehicle, why?

प्रश्न-16 (*i*) ओम के नियम का कथन लिखिए।

(*ii*) *V* तथा *I* के बीच ग्राफ खींचकर दोनों के मध्य संबंध सूत्र लिखिए। [2+3=5]

**नोट : दृष्टिबाधित विद्यार्थी ग्राफ के स्थान पर *V* तथा *I* की व्याख्या करेंगे।** https://www.cgboardonline.com

(*i*) State the statement of Ohm's law.

(*ii*) By plotting graph between *V* and *I*, write formula for its relation.

***Note* : Visually impaired students will explain *V* and *I* in place of graph.**



https://www.cgboardonline.com

अथवा

*OR*

(*i*) प्रतिरोधों के श्रेणीक्रम संयोजन को परिभाषित कीजिए।

(*ii*) उक्त संयोजन हेतु विद्युत परिपथ बनाइए व परिणामी प्रतिरोध हेतु सूत्र लिखिए।

**नोट: दृष्टिबाधित विद्यार्थी परिपथ के स्थान पर परिणामी प्रतिरोध हेतु सूत्र प्राप्त करेंगे।**

(*i*) Define series combination of resistances.

(*ii*) Draw circuit diagram for above combination and write formula for resultant resistance.

*Note* : **Visually impaired students will obtain resultant resistance formula in place of circuit diagram.**

प्रश्न-17 (*i*) भर्जन एवं निस्तापन में कोई तीन अंतर लिखिए।

(*ii*) अधातुओं के कोई तीन भौतिक गुण लिखिए। [3+3=6]

(*i*) Write any three differences between Roasting and Calcination.

(*ii*) Write any three physical properties of Non-metals.



https://www.cgboardonline.com

अथवा

*OR*

(*i*) खनिज एवं अयस्क में तीन अंतर लिखिए।

(*ii*) धातुओं के कोई तीन भौतिक गुण लिखिए।

(*i*) Write three differences between Mineral and Ore.

(*ii*) Write any three physical properties of Metals.

प्रश्न- 18 (*i*) मनुष्य के उत्सर्जन तंत्र का स्वच्छ व स्पष्ट चित्र बनाइए तथा किन्हीं तीन भागों को नामांकित कीजिए।

(*ii*) मनुष्य में किन्हीं तीन अंत:स्रावी ग्रंथियों द्वारा स्रावित हॉर्मोन के नाम एवं उनके एक-एक कार्य लिखिए।

[3+3=6]

**नोट : दृष्टिबाधित विद्यार्थी मनुष्य के उत्सर्जन तंत्र के नामांकित चित्र के स्थान पर उसकी व्याख्या करेंगे।**

(*i*) Draw neat and clean diagram of Excretory System of human and label any three parts.

(*ii*) Write names of hormones secreted by any three Endocrine Glands in human and their one-one function.

***Note*** **: Visually impaired students will explain excretory system of man in place of labelled diagram.**



https://www.cgboardonline.com

अथवा

*OR*

(*i*) मनुष्य के हृदय का स्वच्छ व स्पष्ट चित्र बनाइए तथा किन्हीं तीन भागों को नामांकित कीजिए। [3]

(*ii*) पौधों में स्त्रावित होने वाले तीन हॉर्मोन का नाम एवं उनके एक-एक कार्य लिखिए। [3]

**नोट : दृष्टिबाधित विद्यार्थी नामांकित चित्र के स्थान पर मानव हृदय का वर्णन करेंगे।**

(*i*) Draw a neat and clean diagram of Human Heart and label any three parts.

(*ii*) Write three hormones secreted by plants and their one-one function.

*Note* : **Visually impaired students will describe the human heart in place of labelled diagram.**

• • •



https://www.cgboardonline.com